/font>

Title: Need to take necessary steps to check pollution in Sai river at Pratapgarh, Uttar Pradesh.

श्रीमती राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में साई नदी बहती है जिसमें रायबरेली के कारखानों द्वारा कई रासायनिक पदार्थ फेंक दिये जाने के कारण साई नदी पूरी तरह से प्रदूतित हो गई है। प्रदूाण इतना ज्यादा है कि पशुओं द्वारा इस नदी में पानी पीने से बीमार होने या मरने की खबरें हैं और लोगों द्वारा इस नदी में नहाने से चर्म रोग फैल रहा है। इस नदी का पानी अगर किसी किसान के खेत में पहुँच जाता है तो फसल भी नट हो जाती है। यह नदी गंगा और गोमती नदी के बेसिन पर है और जब यह नदी गोमती में मिलती है तो इसके कारण गोमती नदी का पानी भी प्रदूतित हो रहा है।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि साई नदी को प्रदूतित होने से रोके जाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं।